पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का उद्घाटन किया

लखनऊः 26 अगस्त, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक तथा मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने रिजर्व पुलिस लाइन लखनऊ में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का दीप जलाकर विधिवत उद्घाटन किया और भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर राजनैतिक पेन्शन मंत्री श्री राजेन्द्र चौधरी, मुख्य सचिव, श्री दीपक सिंघल, पुलिस महानिदेशक श्री जावीद अहमद सहित अन्य विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पुलिस मार्डन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वन्दना तथा कान्हा ग्रुप डांस, श्रीमती सीमा मोदी ने कृष्ण नृत्य नाटिका, सिटी मान्टेसरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने माखन चोरी, कुलतार सिंह ने भजन तथा गजल गायन, गीत एवं नाट्य प्रभाग, लखनऊ ने राधे-कृष्ण ग्रुप डांस, राजस्थानी नृत्य, राधा कृष्ण दही लीला एवं गुजराती डान्डिया, पं0 मुरारी लाल शर्मा ने ब्रज की फूलों की होली, मयूर नृत्य, ब्रज का लोकगीत व नृत्य तथा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, सुश्री विधा चन्द्रा ने भजन गायन तथा श्री दीपक त्रिपाठी ने आरकेस्ट्र प्रस्तुति दी।

अंजुम/ललित/राजभवन (302/32)